CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 24 ▫ रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### सुबह-सुबह भूकंप के 4 झटके

**नई दिल्ली,** 15 फरवरी (न्यूज चैनल)। आज रविवार, 15 फरवरी की सुबह भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल चार झटके दर्ज किए गए, जिनमें से तीन सिक्किम और एक त्रिपुरा में आया। सिक्किम के नामची में सुबह 5:26 बजे और फिर 6:58 बजे 2.4 तीव्रता के दो झटके महसूस किए गए, जबकि मंगन में सुबह 5:10 बजे 2.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसके साथ ही त्रिपुरा के गोमती जिले में भी सुबह 6:38 बजे 2.6 तीव्रता का झटका दर्ज किया गया। राहत की बात यह है कि इन झटकों की तीव्रता कम थी और केंद्र जमीन से केवल 5 से 10 किलोमीटर की गहराई पर था।

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**धमतरी,** 15 फरवरी (हाईवे चैनल)। धमतरी मार्ग पर कुरमातराई के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार की पीछे से जोरदार ठोकर लगने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक ग्राम कोसमर्रा से धमतरी किसी कार्य से आए थे और वापस अपने गांव कोसमर्रा लौट रहे थे। इसी दौरान कुरमातराई के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ सेवा संस्था के शिवा प्रधान एवं अमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।



# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में लगी भीड़

## मुख्यमंत्री ने सपत्नीक सत्यनारायण बाबा धाम में की पूजा-अर्चना





- डीएमएफ मद से 1 करोड़ 20 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**रायपुर/रायगढ़,** 15 फरवरी (हाईवे चैनल)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की सुबह से ही छत्तीसगढ़ समेत देशभर के शिवालयों में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा है. प्रदेश के अलग-अलग शिव मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ पहुंच रही है. मंदिरों में हर-हर महादेव और ओम नम: शिवाय के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं.

राजधानी रायपुर के खारुन नदी तट पर स्थित हटकेश्वर नाथ मंदिर में सावन हो या महाशिवत्रात्रि का अवसर, दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुचंते हैं. 15 फरवरी को भी लगभग 4 बजे से भक्तों की कतार लग गई. सभी लोग जल और बेलपत्र लेकर मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं और हर-हर महादेव के नारे लगा रहे हैं.

इधर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ रायगढ़ प्रवास के दौरान रात एक बजे ग्राम कोसमनारा स्थित श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ एवं श्री श्री 108 श्री सत्यनारायण बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पूजा अर्चना के बाद मंदिर परिसर के सामने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। प्रस्तावित कार्यों में मुख्य भवन के सामने ग्रेनाइट फर्श सहित शेड निर्माण, आगंतुकों के विश्राम एवं भोजन के लिए शेड निर्माण, शौचालय परिसर भवन का निर्माण तथा पार्किंग क्षेत्र के लिए सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण शामिल हैं। उन्होंने इन कार्यों के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि कोसमनारा स्थित यह धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा समाज को सकारात्मक दिशा और आत्मबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों के आशीर्वाद और जनता के विश्वास के साथ जनकल्याण के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, नगर निगम सभापति डिग्रीलाल साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सरपंच, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री राजिम कुंभ कल्प के समापन समारोह में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजिम कुंभ कल्प के समापन समारोह में शामिल होंगे. निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, वे दोपहर 12.05 बजे रायगढ़ जिले के बाबाधाम कोसमनारा में आयोजित महाशिवरात्रि पर्व स्थापना दिवस, शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह में शामिल होंगे. इसके बाद दोपहर 2.10 बजे रायगढ़ से रायपुर लौटेंगे. शाम 5.15 बजे रायपुर से राजिम के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 6 बजे राजिम कुंभ कल्प के समापन समारोह में शामिल होंगे.

## गर्लफ्रेंड को लेकर बवाल : 12वीं के छात्र का चाकू की नोंक पर स्कूल के सामने से किया अपहरण

- फिर जमकर की मारपीट, पुलिस ने 2 नाबालिग समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 15 फरवरी (हाईवे चैनल)। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि 12वीं के एक छात्र को स्कूल के सामने ही चाकू की नोक पर अगवा कर मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने तीन छात्रों के खिलाफ अपहरण और मारपीट का अपराध दर्ज किया है। हैरान करने वाली बात यह है कि अपहरण करने वालों में दो छात्र नाबालिग हैं, जबकि एक छात्र केवल दो माह पहले ही बालिग (18 वर्ष) हुआ है। तीनों स्कूली छात्र हैं।

मेडिकल एजेंसी संचालक व अमेरी रोड, देवेंद्र नगर निवासी हर्ष द्विवेदी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार उनका बेटा यज्ञ द्विवेदी, जो सिविल लाइन क्षेत्र के अमेरी चौक स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र है, 11 फरवरी की सुबह करीब 11.30 बजे स्कूल से घर लौट रहा था। इसी दौरान स्कूल के सामने सफारी वाहन (CG 10 N 7511) से पहुंचे तीन स्कूली छात्रों ने उसे रोका और गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों में से एक ने यह कहते हुए विवाद किया कि वह उसकी गर्लफ्रेंड से बात क्यों करता है। विरोध करने पर आरोपियों ने यज्ञ के गले पर चाकू अड़ा दिया और जबरन वाहन में बैठा लिया। इसके बाद छात्र को गोविंदम पैलेस के पीछे ले जाकर मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपियों में से केवल एक छात्र उसी स्कूल में पढ़ता है, जबकि बाकी उसके दोस्त हैं। एक आरोपी कक्षा 9वीं का छात्र है, दूसरा 12वीं में पढ़ता है। तीनों में से दो नाबालिग हैं, जबकि एक छात्र दो माह पहले ही बालिग हुआ है। यह भी सामने आया है कि छात्रों के बीच पहले से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। यह भी चर्चा है कि आहत छात्र द्वारा एक आरोपी को मैसेज कर बुलाया गया था, जिसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया।

## 'पति-पत्नी के बीच विवाद को नहीं माना जा सकता आत्महत्या के लिए उकसाना'



### हाई कोर्ट ने रद्द की पति की चार साल की सजा

**बिलासपुर,** 15 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने (धारा 306 आईपीसी) के एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई 4 साल की सजा को निरस्त कर दिया है. न्यायमूर्ति रजनी दुबे की एकलपीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष आत्महत्या के लिए उकसावे के आवश्यक तत्व साबित करने में असफल रहा है। यह मामला जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र का है. आरोपी बसंत कुमार सतनामी के खिलाफ आरोप था कि उसकी पत्नी टिकैतिन बाई ने विवाह के करीब चार वर्ष बाद कथित प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली. ट्रायल कोर्ट (द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी जांजगीर) ने 31 जुलाई 2007 को आरोपी को धारा 306 आईपीसी के तहत दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण अज्ञात बताया गया. डॉक्टर ने जिरह में स्वीकार किया कि मृत्यु का कारण उल्टी-दस्त से हुई एस्फिक्सिया भी हो सकता है. एफएसएल रिपोर्ट पेश नहीं की गई. गवाहों के बयानों में विरोधाभास रहे.




CMYK